# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड

## राज्य मुख्यालय

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015 (राज.)

टेलीफोन नं. – 0141–2706830, 2941098 ई-मेल –rajscoutguide@yahoo.com


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

### खुली प्रतियोगी बोली (खुली निविदा)

भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली एवं राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वाधान में ग्राम नीमली ब्राह्मणान, तहसील रोहट, जिला–पाली – 306421 (राजस्थान) में स्थित दिल्ली मुम्बई इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर पर आयोजित होने वाली 18वीं राष्ट्रीय स्काउट/गाइड जम्बूरी, दिनांक 04 से 10.01.2023 तक एवं जम्बूरी पूर्व तैयारी शिविरों/गतिविधियों में **आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री** आपूर्ति हेतु द्वि–प्रकर्मी बोली यथा तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड प्रक्रिया के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| 1 | कार्य का विवरण/सन्दर्भ | आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री |
|---|---|---|
| 2 | अनुमानित लागत (रूपये में) | 6,50,000/– |
| 3 | बोली शुल्क (रूपये में) | 500/– (डिमाण्ड ड्राफ्ट) |
| 4 | बोली प्रतिभूति राशि–दो प्रतिशत (रूपये में) | 13,000/– (डिमाण्ड ड्राफ्ट) |
| 5 | बोली दस्तावेज बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक **10.09.2022** समय प्रातः 11.00 बजे से |
| 6 | प्री–बिड बैठक की तिथि, समय व स्थान | दिनांक **17.09.2022** समय दोपहर 12.00 बजे<br>राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर |
| 7 | शुद्धिपत्र अपलोड करने की तिथि व समय | दिनांक **19.09.2022** समय सांय 06.00 बजे तक |
| 8 | प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षरित बोली दस्तावेज Ofline जमा कराने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक **20.09.2022** समय प्रातः 11.00 बजे से<br>दिनांक **23.09.2022** समय दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 9 | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक **23.09.2022** को दोपहर 01.30 बजे |
| 10 | वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी रूप से सफल बोलीदाताओं को वित्तीय बिड खोलने के सम्बन्ध में सूचना पृथक से प्रेषित की जायेगी। |
| 11 | निविदा प्रपत्र सामने दर्शायी वैबसाईट से भी डाउनलोड़ किया जा सकता है। | http://sppp.rajasthan.gov.in<br>https://rajscoutguide.org |
| 12 | अनुबन्ध अवधि | वित्तीय वर्ष 2022–23 (31 मार्च, 2023 तक)<br>लॉकडाउन की स्थिति में तत्समय जारी निर्देश प्रभावी होंगे। |

दिनांक : ..............................

राज्य सचिव
जयपुर

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड

## राज्य मुख्यालय

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015 (राज.)

टेलीफोन नं. – 0141-2706830, 2941098 ई-मेल –rajscoutguide@yahoo.com

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**–:: निविदा प्रपत्र – अ (तकनीकी निविदा) ::–**

1. भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली एवं राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वाधान में ग्राम नीमली ब्राह्मणान, तहसील रोहट, जिला–पाली – 306421 (राजस्थान) में स्थित दिल्ली मुम्बई इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर पर आयोजित होने वाली 18वीं राष्ट्रीय स्काउट/गाइड जम्बूरी एवं जम्बूरी पूर्व तैयारी शिविरों/गतिविधियों में **आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री** आपूर्ति हेतु निविदा :–
2. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के मालिक का नाम ..........................................................................................
3. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम ........................................................................................................
4. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता ...................................................................

   ......................................................................................................................................................

   ......................................................................................................................................................

   मोबाइल नम्बर ............................ दूरभाष नम्बर ............................ ई–मेल ..............................................................
5. निविदा जिसे सम्बोधित की जानी है–राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर (राज.) 302015
6. संदर्भ – निविदा सूचना क्रमांक ............................ जयपुर, दिनांक ............................................................................
7. मैं/हम राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के द्वारा जारी की गई संदर्भित निविदा में वर्णित समस्त शर्तों, अतिरिक्त शर्तों का पालन करने के लिए सहमत है तथा उक्त निविदा की अन्य शर्तें जो संलग्न पृष्ठों में दी गई है, जिनके समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं, (निविदादाता प्रत्येक पृष्ठ पर मय मोहर के हस्ताक्षर करें) का भी पालन करने के लिए सहमत एवं बाध्य होना साथ ही राज्य सरकार के उपापन सम्बन्धी अधिनियम/नियम आदेश से आबद्ध होना स्वीकार करते हैं।
8. संदर्भित निविदा कार्य हेतु दरें जी.एस.टी. के अतिरिक्त **समस्त करों** सहित हैं।
9. कार्य का विवरण, वित्तीय निविदा (संलग्न) में अंकित है, दरें अंकित कर दी गई है।
10. संलग्न वर्णित दरें दिनांक 31.03.2023 तक अथवा विषेश परिस्थिति में जम्बूरी की तिथियों में परिवर्तन होने पर जम्बूरी अवधि तक, जो भी बाद में हो; विधिमान्य रहेगी। इससे आगे अवधि पारस्परिक सहमति के आधार पर बढाई जा सकती है।
11. बोली शुल्क राशि रू. 500/– डी.डी. न. .................. दिनांक ........................... बैंक का नाम ..........................
12. बोली प्रतिभूति राशि रू. 13,000/– डी.डी. न. .................. दिनांक ........................... बैंक का नाम ................
13. फर्म का रजिस्ट्रेशन नम्बर (छांयाप्रति संलग्न करें) ..........................................................................................
14. आयकर पैन नम्बर (छांयाप्रति संलग्न करें) ........................................................................................................
15. जी.एस.टी.आई.एन. पंजीयन क्रमांक (छांयाप्रति संलग्न करें) ..........................................................................
16. बिडर के बैंक खाते का विवरण (निरस्त चैक/पासबुक की छायाप्रति संलग्न करें)
17. विनिर्माता/वास्तविक डीलर/अधिकृत विक्रेता आदि का घोषणा प्रपत्र राशि रू. 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर संलग्न है।
18. निविदा से सम्बन्धित अनुभव प्रमाण–पत्रों (कार्यानुभव) की छांयाप्रति संलग्न है।

PCJain
राज्य सचिव
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
...जयपुर

19. टर्नओवर विगत तीन वर्षों का (छांयाप्रति संलग्न करें)

- 2019–20 : ......................................................
- 2020–21 : ......................................................
- 2021–22 : ......................................................

20. अन्तिम त्रैमास (अप्रेल, 2022 से जून, 2022 तक) की जी.एस.टी. रिटर्न की प्रति (GSTR-1/GSTR-3B/Other)

**(नोट – कृपया संलग्न अनुलग्नक – एफ (चैक लिस्ट) की समस्त पूर्ति कर निविदा प्रस्तुत करें।)**

स्थान : ......................................

दिनांक : ......................................

**हस्ताक्षर निविदादाता**

**मय मोहर**

फर्म का नाम ....................................................................

फर्म के पत्र व्यवहार का पूरा पता ..............................

..........................................................................................

..........................................................................................

टेलीफोन नम्बर ..............................................................

PCJain

राज्य सचिव
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड

## राज्य मुख्यालय

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015 (राज.)

टेलीफोन नं. – 0141–2706830, 2941098 ई-मेल –rajscoutguide@yahoo.com


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली एवं राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वाधान में ग्राम नीमली ब्राह्मणान, तहसील रोहट, जिला–पाली – 306421 (राजस्थान) में स्थित दिल्ली मुम्बई इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर पर आयोजित होने वाली 18वीं राष्ट्रीय स्काउट/गाइड जम्बूरी एवं जम्बूरी पूर्व तैयारी शिविरों/गतिविधियों में **आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री** आपूर्ति हेतु निविदा के उपनियम एवं शर्तें :–

निविदादाता को निविदा देते समय इन शर्तों को अत्यन्त ध्यानपूर्वक पढना चाहिए क्योंकि इन शर्तों का निविदादाता द्वारा पालन करना अत्यावश्यक होगा :–

1. निविदा सीलबन्द लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय पृथक–पृथक देनी होगी। प्रथम लिफाफा निविदादाता की तकनीकी योग्यता एवं निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में होगा। द्वितीय लिफाफा निविदादाता की वित्तीय प्रस्ताव सम्बन्धी कार्य की दरों से सम्बन्धित होगा। जिस पर क्रमशः **"स्टेशनरी सामग्री (तकनीकी निविदा)"** व **"स्टेशनरी सामग्री (वित्तीय निविदा)"** स्पष्ट एवं मोटे अक्षरों में लिखा जायेगा। ये दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में बन्द करके प्रस्तुत करने होंगे।
2. "वित्तीय निविदा" के लिफाफे में मात्र "वित्तीय दरें" ही लिखी जायेंगी। इसके अतिरिक्त समस्त दस्तावेज इत्यादि तकनीकी निविदा के लिफाफे में रखे जाने चाहिए।
3. यदि किसी निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा के लिफाफे में वित्तीय निविदा भी डाल दी जायेगी तो उस निविदादाता की दोनों निविदाएँ रद्द कर दी जायेगी।
4. तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली के लिफाफे पर निविदादाता द्वारा अपनी फर्म का पूर्ण स्पष्ट पता एवं फोन/मोबाइल नम्बर आवश्यक रूप से लिखा जाना चाहिए। व्यक्तिगत् निविदा मान्य नहीं होगी।
5. सर्वप्रथम तकनीकी निविदा वाला लिफाफा खोला जायेगा, तकनीकी योग्यता रखने वाली फर्मो द्वारा दी गई जानकारी का सत्यापन आवश्यकता होने पर समिति द्वारा किया जा सकता है। निरीक्षण की स्थिति में यदि कोई तथ्य गलत पाया जाता है तो उस फर्म की तकनीकी दर संविदा को रद्द कर दिया जायेगा।
6. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। तकनीकी बिड के मुल्यांकन में योग्य पाये गये समान प्रकृति के कार्य करने वाली अनुभवी व इच्छुक पंजीकृत फर्मों/कम्पनी को वित्तीय बिड खोलने के सम्बन्ध में पृथक से सूचना दी जाएगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले कार्य दिवस को उसी समय व स्थान पर सम्बन्धित कार्यवाही की जावेगी।
7. निविदा फार्म वेबसाईट से डाउनलोड कर प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में भी निविदादाता द्वारा निविदा के साथ निविदा शुल्क राशि रू. **500/–** का बैंक ड्राफ्ट जो **"राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जयपुर"** के पक्ष में देय हो, जमा कराना आवश्यक होगा।
8. खुली प्रतियोगी बोली (खुली निविदा) के क्रम संख्या 3 व क्रम संख्या 4 में क्रमशः दर्शाई गई बोली शुल्क राशि रू. 500/– व बोली प्रतिभूति राशि रू. (दो प्रतिशत) 13,000/– का डी.डी. (नकद/चैक स्वीकार्य नहीं) **"राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जयपुर"** के पक्ष में जयपुर में भुगतान योग्य बनवाना होगा। बोलीदाता द्वारा बोली शुल्क, बोली प्रतिभूति शुल्क तथा निविदादाता द्वारा घोषणा (एस.आर. प्रारूप – 11) निविदा के साथ, निर्धारित दिनांक एवं समय तक इस कार्यालय में जमा करवाये जाने आवश्यक है अन्यथा सम्बन्धित निविदादाता के प्रस्ताव अस्वीकार कर दिये जावेंगे।
9. निविदादाता को विगत तीन वर्षों में से किसी एक वित्तीय वर्ष में **निविदत्त अनुमानित लागत के 80 प्रतिशत के बराबर** निविदा से सम्बन्धित सरकारी/अर्द्धसरकारी/राजकीय उपक्रमों/राजकीय संस्थानों/निगमों/अन्य विभागों में सप्लाई/कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। इस हेतु कार्य आदेशों/अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करनी होगी, अन्यथा वह तकनीकी/वित्तीय मापदण्ड के आधार पर अयोग्य माना जायेगा व उसके वित्तीय प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा। इसके प्रमाण के रूप में सम्बन्धित संस्थानों के अनुभव/कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र साथ ही पिछले तीन वर्षों (वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22) का सी.ए. द्वारा प्रमाणित दस्तावेज (प्रमाण–पत्र) जिसमें इस व्यवसाय से सम्बन्धित आय का उल्लेख हो, संलग्न करना होगा।

PCJCi'n
राज्य सचिव

10. निविदादाता को नवीनतम कर बकाया नहीं के प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि अथवा गत त्रैमास (अप्रेल, 2022 से जून, 2022 तक) की जी.एस.टी. रिटर्न की प्रति (GSTR-1/GSTR-3B/Other) संलग्न करनी आवश्यक होगी।
11. निविदा प्रपत्र में दरें स्याही अथवा टंकण द्वारा भरी जावे जो सुपाठ्य हो। पैन्सिल से भरी हुई निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
12. दरें अंको एवं शब्दों में अंकित करें, दरों में परिवर्तन की दशा में निविदादाता दिनांक सहित लघुहस्ताक्षर करें। किसी भी प्रकार की कटिंग/ओवरराईटिंग नही करें तथा निविदादाता द्वारा निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर मय मोहर किये जावें।
13. निविदादाता को निविदा संलग्न निर्धारित प्रपत्र में ही प्रस्तुत करनी होगी। अन्य कोई प्रपत्र स्वीकार नही होगा।
14. यदि कोई साझेदारी फर्म बोली लगाती है तो बोलीदाता फर्म को बोली लगाते समय रजिस्टर्ड साझेदारी संलेख प्रस्तुत/अपलोड करनी आवश्यक होगी, अन्यथा वह निविदादाता फर्म बोली में भाग नहीं ले सकेगी। व्यक्ति/संस्था/फर्म द्वारा प्रस्तुत बोलियों पर क्रय/निविदा समिति द्वारा विचार किया जायेगा। इस सम्बन्ध में क्रय/निविदा समिति का निर्णय अन्तिम होगा।
15. बोली खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि समस्त बोलियां नहीं खोली जा सकती हैं तो उसके अगले कार्यदिवस को बोलियां खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।
16. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा पर निविदादाता द्वारा अपनी फर्म का पूर्ण स्पष्ट पता एवं फोन/मोबाइल नम्बर आवश्यक रूप से लिखा जाना चाहिए।
17. तकनीकी योग्यता रखने वाली फर्मो द्वारा दी गई जानकारी का सत्यापन आवश्यकता होने पर क्रय/निविदा समिति द्वारा किया जा सकता है। निरीक्षण की स्थिति में यदि कोई तथ्य गलत पाया जाता है तो उस फर्म की तकनीकी निविदा को रद्द कर दिया जायेगा।
18. यदि निविदादाता सत्यनिष्ठा संहिता (Code of integrity) एवं हित का विरोध (Conflict of interest) सम्बन्धित प्रावधानों का उल्लंघन करता है या करता हुआ पाया जाता है तो राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के नियम 82 के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।
19. निर्धारित तिथि को बोली खोलने के उपरान्त/पश्चात् प्रस्तावित दर पर कार्य में असमर्थता या दरों में संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा। ऐसा होने पर बोली प्रतिभूति राशि जब्त/शास्ति एवं आगामी बोली से वंचित/अयोग्य इत्यादि हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
20. बोली प्रतिभूति राशि जमा कराने की स्थिति में बोली प्रतिभूति राशि का निम्न परिस्थितिओं में पूर्ण या आंशिक रुप से समपहरण/जब्त किया जा सकेगा :–
    - जब निविदादाता द्वारा संविदा के किन्ही निबंधनो ओर शर्तों का उलघंन किया गया हो।
    - जब निविदादाता निविदा खोलने के पश्चात, किन्तु निविदा स्वीकृति से पूर्व निविदा वापिस लेता है या प्रस्ताव को उपान्तरित कर देता है।
    - जब निविदादाता निर्दिष्ट समय के भीतर विहित करार व आदेश को सम्पादित नहीं करता है।
    - जब दर स्वीकृति पश्चात् निविदादाता सुरक्षा राशि जमा नहीं कराता है।
    - बोली प्रतिभूति राशि का समपहरण/जब्त करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
21. द्वितीय एवं तृतीय निम्नतम निविदादाताओं की बोली प्रतिभूति राशि सफल निविदादाता को कार्यादेश जारी करने के एक माह पश्चात् लौटाई जायेगी, शेष निविदादाताओं की बोली प्रतिभूति राशि निविदा स्वीकृति के निर्णय के बाद शीघ्र लौटा दी जायेगी।
22. निविदा केवल उन्हीं फर्मों द्वारा दी जानी चाहिए जो इस क्षेत्र के वास्तविक व्यवसायी हैं, फर्म इस क्षेत्र में अनुभव रखने वाली होनी चाहिए। निविदादाता किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/राजकीय उपक्रमों/ राजकीय संस्थानों/गैर राजकीय संस्थानों में ब्लैक लिस्ट नहीं हो, अतः इस हेतु निविदादाता को एस.आर. प्ररूप–11 (संलग्न) में राशि रू. 50/– के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
23. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण अथवा आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
24. निविदा की शर्तों के अतिरिक्त कोई अन्य शर्तें (शर्तयुक्त/सशर्त निविदा) स्वीकार नहीं होगी। बोलीदाता का/उसके प्रतिनिधी की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनर्हता होगी।

PChain
राज्य सचिव
राज्य भारत स्काउट व गाइड

25. निविदादाता द्वारा संलग्न वर्णित दरें/दर–अनुबन्ध दिनांक 31.03.2023 तक अथवा विषेश परिस्थिति में जम्बूरी की तिथियों में परिवर्तन होने पर जम्बूरी अवधि तक के लिए मान्य होगी/किया जायेगा। निविदादाता को उक्त अवधि तक इन दरों पर ही कार्य करना होगा। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर आगे के लिए बढाया जा सकेगा।
26. निविदादाता निविदा अथवा उसके किसी भी सारवान भाग को अन्य किसी व्यक्ति/एजेन्सी को सबलेट नही करेगा।
27. सक्षम अधिकारी को निविदादाता द्वारा दी गई आईटमवाइज दरें अथवा एक मुश्त दरें या दोनों रूप में स्वीकार करने का अधिकार होगा। आंशिक कार्य हेतु निविदा स्वीकार करने/नहीं करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
28. निरिक्षण/परिक्षण के दौरान सेवा/सामग्री/प्रदाय का जो हिस्सा निर्धारित स्तर का नही होगा। उसे रद्द करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
29. सक्षम अधिकारी को किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, को स्वीकार करने का अथवा बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा/उसके किसी भी भाग को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
30. सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त हो जाने के 07 दिवस की अवधि के भीतर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (बोली राशि का 2.5 प्रतिशत) जमा करवाकर अनुबन्ध सम्पादित करना होगा, जिसमें बोली प्रतिभूति राशि का समायोजन किया जा सकेगा। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का डी.डी. **''राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जयपुर''** के पक्ष में जयपुर में भुगतान योग्य बनवाना होगा। इस कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का निम्नलिखित प्रकरणों में पूर्णतः या अंशतः समपहरण किया जा सकेगा।
    - ➢ जब निविदादाता द्वारा संविदा के किन्ही निबंधनो ओर शर्तों का उलघंन किया गया हो।
    - ➢ जब निविदादाता संतोषप्रद रुप से निधार्रित अवधि में पूर्ण सेवा/सामग्री/प्रदाय करने में असफल रहता है।
    - ➢ राशि का समपहरण करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
31. कार्य सम्पादन प्रतिभूति/सुरक्षा राशि पर इस कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार के ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।
32. सफल निविदादाता को निविदा स्वीकृत एवं कार्यादेश प्राप्त हो जाने के 07 दिवस की अवधि के भीतर राशि रू. 500/–के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर एस.आर. प्रारुप 17 में एक करार पत्र जमा कराना होगा। करार पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने के व्यय का भुगतान निविदादाता द्वारा किया जाएगा तथा इस कार्यालय द्वारा उस करार की एक निष्पादित स्टाम्पशुदा प्रतिपड़त (छांयाप्रति) निविदादाता को निःशुल्क दी जाएगी।
33. घोषणा पत्र व अनुबन्ध पत्र के निष्पादन में देय स्टाम्प–रजिस्ट्री शुल्क एवं जो भी कानूनी व्यय होगा, उन समस्त व्यय की राशि अदा करने का दायित्व सफल निविदादाता का होगा।
34. निर्धारित अवधि में सेवा/सामग्री/प्रदाय की आपूर्ति नही करने की स्थिति में, सुरक्षा राशि जब्त की जा सकेगी अथवा अन्य व्यवस्था, आवंटित कार्य को बीच में छोडने पर बाजार से उच्च दरों पर कराये जाने पर जो हानि होगी वह निविदादाता की सुरक्षा राशि में से समायोजित की जा सकेगी।
35. यदि निविदा सूचना में अथवा आदेशित मात्रा में, जैसी भी स्थिति हो दर्शित मात्रा से कम या अधिक के आदेश दे दिये जाते हैं, तब भी निविदादाता सेवा/सामग्री/प्रदाय हेतु आबद्ध होगा। निविदादाता मुवावजा हेतु किसी भी दावे का हकदार नही होगा।
36. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की दरें जी.एस.टी. के अतिरिक्त सभी प्रकार के करों सहित अंकित करें।
37. नियमानुसार टी.डी.एस./जी.एस.टी. टी.डी.एस. एवं अन्य कटौती की जायेगी जिसके लिए पैन नम्बर/जी.एस.टी. नम्बर की प्रति निविदा के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें।
38. निविदा में वर्णित सेवा/सामग्री/प्रदाय सक्षम अधिकारी अथवा उनके किसी प्रतिनिधि की मांग के अनुसार निर्देशित दिनांक, समय व स्थान पर देना होगा।
39. निविदादाता द्वारा शर्तों के उल्लंघन करने/कार्य सन्तोषजनक न होने की स्थिति में अनुपातिक कटौती के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

PCJain
राज्य सचिव
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर

40. कार्यादेश/अनुबन्ध में वर्णित कार्य सुचारू व सन्तोषजनक रूप से पूरा न करने पर यदि आवश्यक समझा गया तो कार्य निविदादाता के हर्जा–खर्च पर अन्य साधन से कार्य करवाया जायेगा तथा यदि इस व्यवस्था पर कोई अतिरिक्त व्यय इस कार्यालय को वहन करना पडा तो वह राशि सफल निविदादाता से वसूली योग्य होगी।
41. **आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री** सम्बन्धी कार्य के सम्बन्ध में निर्धारित विशिष्ठ शर्तें 'परिशिष्ट–1' व जो इन शर्तों के साथ पृथक से संलग्न है, इन शर्तों का भाग होंगी।
42. वर्तमान में प्रभावी किसी भी राजकीय कानून/नियम के समस्त नियमों आदि की पालना का पूर्ण दायित्व भी निविदादाता का होगा। यह कार्यालय इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
43. निविदादाता को राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों की भी पालना करनी आवश्यक होगी।
44. सभी विवादों/विधिक कार्यवाही यदि संस्थित की जानी आवश्यक हो तो न्यायिक क्षैत्र, जयपुर (राज.) ही रहेगा।
45. **भुगतान** :– निविदादाता को सामन्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार गतिविधियों/शिविरों की समाप्ति के पंचम कार्यदिवस तक बिल मय प्रमाणिकरण सहित दो प्रतियों में तैयार कर सम्बन्धित प्रभारी के माध्यम से इस कार्यालय को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा। इस बिल का भुगतान सामान्य प्रक्रियानुसार ऑनलाइन/नेफ्ट/रेखांकित चैक/ऑनलाईन द्वारा किया जाएगा।
46. उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त अन्य परिस्थितियों में सामान्य वित्तीय एवं लेखा निमय खण्ड–द्वितीय में वर्णित एस.आर. प्ररुप – 14, 15, 16, 17, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2012 व 2013, वित्त (जीएण्डटी) विभाग की अधिसूचना दिनांक 18.12.2020 (हिन्दी अनुवाद दिनांक 15.02.2021) एवं वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र दिनांक 23.12.2020 में दी गई समस्त शर्तें/प्रावधान यथावत लागू होंगे।
47. कोविड–19 महामारी के कारण लॉकडाउन की स्थिति में तत्समय जारी निर्देश प्रभावी होंगे।

मैंने/हमने उपरोक्त अनुसार वर्णित शर्तों को भली भाँति पढ लिया एवं समझ लिया है। मैं/हम उपरोक्त वर्णित समस्त शर्तों की पूर्ण पालना के साथ हमारी फर्म द्वारा दी गई दरों पर कार्य करने के लिए सहमत हैं।

स्थान : ....................................
दिनांक : ....................................

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**मय मोहर**

फर्म का नाम ....................................................................
फर्म के पत्र व्यवहार का पूरा पता ..............................
....................................................................................
....................................................................................
टेलीफोन नम्बर ..............................................................

PCJain
राज्य सचिव
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर

## आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री
## "विशिष्ठ शर्तें"

1. एफ.ओ.आर. जम्बूरी स्थल – ग्राम नीमली ब्राह्मणान, तहसील रोहट, जिला–पाली – 306421 (राजस्थान) में स्थित दिल्ली मुम्बई इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर पर निर्धारित अवधि (कार्यादेश के अनुसार) में देनी होगी।
2. आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री (लगभग 20 प्रतिशत) अनुबन्धकर्ता को एफ.ओ.आर. – राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015 (राज.) पर भी निर्धारित अवधि (कार्यादेश के अनुसार) में देनी होगी।
3. निविदा में दी गई दरें जी.एस.टी. के अतिरिक्त समस्त करों सहित (Tax Paid) एफ.ओ.आर. होनी चाहिए। जिसके लिए पृथक से कोई पैंकिंग चार्जेज एवं परिवहन व्यय देय नही होगा।
4. निविदादाता को निविदा प्रपत्र – ब (वित्तीय निविदा) में आवश्यकतानुसार विविध स्टेशनरी सामग्री की दरों के अतिरिक्त जी.एस.टी. दर अंकित कर ही अन्तिम रूप से अपनी दरें प्रस्तुत करनी होगी। केन्द्र/राज्य सरकार के निर्देशानुसार यदि जी.एस.टी. दरों में परिवर्तन किया जाता है तो उसी के अनुरूप बिल प्रस्तुत करना होगा।
5. तत्काल आवश्यक्ता की स्थिति में भी अधिकृत प्राधिकारियों के लिखित/मौखिक आदेशानुसार सामग्री उपलब्ध करवानी आवश्यक होगी।
6. निविदादाता द्वारा दी गई आईटमवाइज दरें अथवा एकमुश्त दरें या दोनों रूप में स्वीकार करने का अधिकार इस कार्यालय को होगा।
7. जिस मैक/कंपनी की सामग्री चाही गई है, उसी की दरें अंकित करें। दूसरी कम्पनी/क्वालिटी की सामग्री देने पर बिल में से कटौती की जायेगी।
8. निविदादाता को पूर्व में किए गये राष्ट्रीय स्काउट/गाइड जम्बूरी से संबंधित अथवा इस प्रकार के राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय कार्यक्रम, महोत्सव, मेला इत्यादि जैसे वृहद् कार्यक्रम करवाने का कार्यानुभव व ज्ञान होना चाहिए, को निविदा में प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। इस हेतु निविदादाता को पूर्व में किये गये इन आयोजनों से संबंधित कार्य का कार्यादेश/अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
9. निविदादाता निविदा से सम्बन्धित सामग्री की सुरक्षा स्थापित/एफ.ओ.आर. होने तक स्वयं करेगा, यह विभाग प्राकृतिक आपदा, आगजनी, चोरी, हानि, नुकसान एवं सभी सामान को लाने ले जाने पर टूट–फूट आदि के लिए उत्तरदायी नही होगा।
10. आदेशित कार्य/व्यवस्था को करते समय यदि निविदादाता के किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है या कर्मचारी किसी भी रूप में दुर्घटना ग्रस्त/अपंग हो जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एवं उसके लिए मुआवजा आदि लेने का भार निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा। यह कार्यालय इसके लिए किसी भी प्रकार से मददगार एवं जिम्मेदार नहीं होगा।
11. निविदादाता अपने कर्मचारियों के चाल–चलन, चरित्र इत्यादि के सम्बन्ध में स्वयं निविदादाता जिम्मेदार होगा। अनाधिकृत व्यक्ति का परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा।
12. निविदादाता को उक्त कार्य शासकीय नियमानुसार करना होगा तथा राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों की भी पालना करनी होगी।
13. जम्बूरी स्थल पर प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। अतः इसका विशेष ध्यान रखा जावे।
14. विवादास्पद मदों में राशि का 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक को रोका जायेगा तथा उस विवाद का निपटारा का हो जाने पर उसका भुगतान किया जायेगा।
15. कार्य/सामग्री आपूर्ति की मात्रा में कमी/वृद्धि पर आवश्यकतानुसार कार्यादेश देने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा की शर्तों के अतिरिक्त कोई अन्य शर्तें स्वीकार नहीं होंगी।
16. निविदा से सम्बन्धित सामग्री कटी–फटी नहीं होनी चाहिए। समस्त सामग्री अच्छी हालत में साफ सुथरी हो, मैली गन्दी ना हो। खराब सामग्री स्वीकार नहीं होगी।
17. निविदादाता द्वारा निविदा में दी गई सामग्री स्पेसिफिकेशन के आधार पर नहीं होने पर सामग्री स्वीकार नहीं की जायेंगे। समस्त सामग्री निर्धारण मापदण्डानुसार व दिये गये पेरामीटर के अनुसार होनी आवश्यक है।

PCJain
राज्य सचिव
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड

18. सामग्री आपूर्ति करने के दौरान ट्रान्सपोर्ट में सामग्री खराब हो जाने, भीग जाने, गीली हो जाने अथवा टूट फुट हो जाने की स्थिति में खराब सामग्री की श्रेणी में कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा, और इस एवज में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण सामग्री की आपुर्ति अनुबन्धकर्ता द्वारा की जावेगी।
19. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता को क्रय की जाने वाली समस्त सामग्री का नमूना कार्यालय में जमा करवाना आवश्यक होगा। वित्तीय निविदा में सफल निविदादाता एल–1 से एल–3 को अपनी सामग्री का निर्देशानुसार प्रस्तुतीकरण देना आवश्यक होगा।
20. तार/ईमेल/फैक्स द्वारा प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी।
21. यदि अनुबन्धकर्ता इस बोली में वर्णित निर्धारित आईटम्स् के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के आईटम्स् सक्षम अधिकारी की मांग पर बाजार की न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराता है तो प्रचलित बाजार दर, अन्य विभाग/बोर्ड/कॉरपोरेशन की दर अथवा इस कार्यालय द्वारा निर्धारित दर उक्त में से जो भी कम हो देय होगी। इस प्रकार के आईटम्स् की दर निर्धारण के सम्बन्ध में राज्य मुख्यायुक्त द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।
22. गैर अनुमोदित दरों के किये गये कार्य किस प्राधिकारी के निर्देशानुसार किये गये है इसकी सूचना कार्य सम्पन्न होने के तीन दिवस में अनुबन्धकर्ता द्वारा लिखित में इस कार्यालय को प्रेषित करनी आवश्यक होगी, जिसमें निर्देशित किये जाने वाले प्राधिकारी का नाम एवं उनके निर्देशों पर किये गये कार्यों का प्रमाणितशुदा विवरण होगा। जिसका सत्यापन सम्बन्धित प्राधिकारी से करवाया जायेगा।
23. दर संविदा हेतु किसी बोलीदाता द्वारा अस्पष्ट एवं अत्यन्त अव्यवहारिक दरें दी जाती है तो उसकी बोली पर विचार नहीं किया जायेगा।
24. अत्यन्त अव्यवहारिक दरें प्राप्त होने की दशा में यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम दर वाले बोलीदाताओं की दरों को स्वीकार किया जावे, उपापन समिति दरों औचित्यता के आधार पर न्यूनतम दर के अतिरिक्त बोलीदाता की दरें भी स्वीकार कर सकती है।

स्थान : ......................................
दिनांक : ......................................

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**मय मोहर**

फर्म का नाम ......................................................................
फर्म के पत्र व्यवहार का पूरा पता ..............................
......................................................................................
......................................................................................
टेलीफोन नम्बर ...............................................................

PCJain
राज्य सचिव
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर

## "निविदादाता द्वारा घोषणा"

उपरोक्त समस्त जानकारी/शर्तों का मैंने/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर का निर्णय हमारे लिये मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में बिड में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित मशीन/उपकरण/तकनीकी अनुभव व तकनीकी कर्मचारी आदि उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशासी संस्थान/निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है। प्रतिकस्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर (मयसील) कर दिये है।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने जिन मालों/सामानों/उपकरणों के लिए निविदा दी है, उनका/उनके/ मैं/हम बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/डीलर/सोल विक्रय/विपणन एजेण्ट हूँ/हैं।

यदि ये घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपहृत कर लिया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

नोट :–

1. यह घोषणा निविदादाताओं द्वारा तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत की जानी आवश्यक है।
2. इस घोषणा को राशि रू. 50/– के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

स्थान : ......................................
दिनांक : ......................................

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**मय मोहर**

फर्म का नाम ....................................................................
फर्म के पत्र व्यवहार का पूरा पता ..............................
....................................................................................
....................................................................................
टेलीफोन नम्बर ...............................................................

PCJain
राज्य सचिव
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर

## Annexure A : Compliance with the Code of Integrity and No Conflict of Interest

Any person participating in a procurement process shall-

